an>

title: Need to conduct an inquiry into the alleged scam in NHRM Schemes in Uttar Pradesh.

डॉ. यशवंत सिंह (नगीना) : सभापति महोदय, अभी हम मिलीनियम हैल्थ गोल्स पर चर्चा कर रहे हैं। आज मैं वर्ष 2016-17 में उत्तर प्रदेश के हैल्थ विभाग में किए जाने वाले घोटाले की तरफ इस सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र नगीना जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश में है। यहां पर वर्ष 2016-17 में एन.एच.एम. कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित आर.सी.एच., फ्लेक्सीपूल मिशन एवं एन.यू.एच. मिशन के खातों में उपलब्ध धनराशि से बिना टेंडर, कोटेशन, क्रय और बिना आदेश आपूर्ति प्राप्त किए मेसर्स उन्नाव डिस्टीब्यूलरीज़ एवं बेवरेज कानपुर, मेसर्स गणपति इंटरप्राइसेज उन्नाव, मेसर्स सरकार ट्रैवल्स कानपुर तथा मेसर्स एन किचन कल्याण समिति कानपुर के खातों में 3 करोड़ 10 लाख 95 हजार 769 रुपये का फर्जी भुगतान कर दिया गया। जब इसकी जांच उच्च अधिकारियों को दी गई तो उच्च अधिकारियों के माध्यम से पता लगा कि इन कंपनियों को पहले भी 6 करोड़ 30 लाख 51 हजार 772 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उसकी अपनी रिपोर्ट में यह लिखा गया कि अन्य जनपदों उन्नाव, जालौन, कानपुर देहात, जे.पी. नगर, संभल, औरैया, इटावा, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर एवं आगरा में भी गबन की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

माननीय सभापति : आप अपनी डिमांड बोलिए। What is your demand?

डॉ. यशवंत सिंह : महोदय, मेरी आपसे मांग है कि इस तरह के घोटाले पूरे उत्तर प्रदेश में हुए हैं, इसकी केंद्रीय एजेंसी के द्वारा उच्चस्तरीय जांच करायी जाए, ताकि हैल्थ घोटालों का पर्दाफाश किया जा सके, धन्यवाद।

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री शरद त्रिपाठी एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. यशवंत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।